PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

01

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, मंगलवार 18 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: SIT जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट, टीम ने शासन को सौंपी रिपोर्ट



राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में SIT जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट मिल गई है। टीम ने शासन को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा में कथित चोरी के मामले में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल (SIT) ने अपनी अंतिम रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इसके बाद रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, SIT की रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा का नाम शामिल नहीं है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी जांच टीम की जांच अभी जारी है। ऐसे में मामले की पूरी जांच प्रक्रिया अभी समाप्त नहीं हुई है।

**आठ आरोपियों के नाम रिपोर्ट में शामिल**

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश सरकार की SIT की अंतिम रिपोर्ट में आठ आरोपियों के नाम शामिल हैं। इन सभी को मामले की जांच के दौरान पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की शिकायत पर दर्ज FIR में अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, करुणेश पांडे और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को आरोपी बनाया गया था। इनके खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**चंपत राय और अनिल मिश्रा की भूमिका पर उठे थे सवाल**

चढ़ावे की रकम में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद चंपत राय और अनिल मिश्रा की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे थे। विवाद के बीच दोनों ने ट्रस्ट में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। अब प्रदेश सरकार द्वारा गठित SIT की रिपोर्ट में दोनों के नाम नहीं होने से उन्हें राहत मिली है।

**सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली जांच जारी**

मामले में एक अन्य जांच भी चल रही है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित SIT की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेश सरकार की SIT की रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा को राहत मिलने के बावजूद मामले में अंतिम स्थिति दूसरी जांच के निष्कर्ष के बाद ही स्पष्ट होगी।

## Aligarh News: दुष्कर्म में दोषी को 10 साल की कैद, 50 हजार जुर्माना



हरदुआगंज क्षेत्र के 13 साल पुराने दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय (कोर्ट संख्या-2) की पीठासीन अधिकारी तरकेश्वरी सिंह ने सोमवार को फैसला सुनाया। अभियोजन के अनुसार घटना चार अप्रैल 2013 की शाम करीब 4:30 बजे की है। चंगेरी गांव निवासी पप्पी उर्फ विनोद पर दुष्कर्म करने और विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष साक्ष्य और दलीलें रखीं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने विनोद को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषी द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को कुल सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा।

## Aligarh News: हरे परिधानों में सजीं महिलाएं, तीज क्वीन चुनी



शहर में विभिन्न संगठनों ने हरियाली तीज के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। महिलाओं ने हरे परिधान पहनकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मनोरंजक खेल और तीज क्वीन प्रतियोगिताएं हुईं। श्री अग्रवाल युवा संगठन के श्रावणोत्सव कार्यक्रम में ज्योति गर्ग को तीज क्वीन चुना गया। मुख्य अतिथि अशोक गर्ग और प्रदीप अग्रवाल गुड्डू ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। ओजोन महिला कल्याण समिति के कार्यक्रम में मीनू सिंह को तीज क्वीन और आराध्या को तीज मल्लिका का खिताब मिला।
रोटरी क्लब ऑफ अलीगढ़ गोल्ड ने स्थानीय होटल में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया। रोटरी क्लब अलीगढ़ लॉक सिटी, क्षत्रिय महासभा, गोल्डन कपल किटी, वैश्य समाज महिला संगठन हरिगढ़, इनरव्हील क्लब ऑफ अलीगढ़ पहल, अखिल भारतीय महिला कायस्थ महासभा ने भी कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## Aligarh News: कोमा में थे डॉक्टर, एफडी तुड़वाकर 60 लाख कर दिए ट्रांसफर



शहर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.एके सिंघल के बैंक खाते से करीब 60 लाख रुपये गलत तरीके से ट्रांसफर किए जाने का मामला सामने आया है। चिकित्सक के परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों के मुताबिक 25 जनवरी से कोमा में चल रहे डॉक्टर की एफडी मार्च से जून के बीच तुड़वाई गईं और रकम उनके खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी गई। इस पूरे मामले में बैंक कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। हार्ट एंड चेस्ट हॉस्पिटल पुराना रामघाट रोड, क्वार्सी निवासी डॉ. हर्षदीप सिंघल ने न्यायालय के आदेश पर थाना क्वार्सी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप सगे बड़े भाई डॉ. अंकुर सिंघल पर है। शिकायत में कहा गया है कि उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक शाखा, अतरौली अड्डा में जमा एफडी को नियमों के विपरीत तुड़वाकर करीब 60 लाख रुपये उनके खाते में ट्रांसफर किए गए। आरोप है कि जिस समय उनके पिता डॉक्टर एके सिंघल गंभीर हालत में कोमा में थे, उस दौरान उनके बैंक खाते से इतनी बड़ी रकम का लेनदेन किया गया। ऐसे में एफडी तोड़ने की अनुमति किस आधार पर दी गई और बैंक की ओर से किन दस्तावेजों के आधार पर रकम ट्रांसफर की गई। उन्होंने इस प्रकरण में बैंक के मैनेजर व कर्मचारियों से सांठगांठ का आरोप लगाया है।

सीओ सिविल लाइंस सर्वम सिंह ने बताया कि मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। बैंक रिकॉर्ड और लेनदेन से जुड़े दस्तावेज यह तय करने में अहम होंगे कि 60 लाख रुपये कब, किस प्रक्रिया के तहत और किन खातों में ट्रांसफर किए गए।

## Aligarh News: सोनिया, राहुल गांधी और खड़गे पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग



क्षत्रिय करणी सेना ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सोमवार को संगठन ने बन्नादेवी थाने पर प्रदर्शन किया। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीओ बन्नादेवी धनंजय सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा। ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् के वादन को लेकर आपत्ति जताई गई। राष्ट्रगीत को बीच में रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रसारित हुई थी। संगठन ने उपलब्ध वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् का सम्मान प्रत्येक भारतीय नागरिक का दायित्व है। राष्ट्रगीत और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान देश की एकता और अखंडता से जुड़ा विषय है। संगठन ने सोनिया गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने और उन्हें भारत से बाहर भेजने की भी मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुड्डन ठाकुर, भाजपा पार्षद पुष्पेंद्र जादौन आदि मौजूद रहे।

## Aligarh News: वृद्धाओं को मुफ्त सफर का इंतजार, जारी नहीं हुआ सर्कुलर



60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा के बाद अब इसके लागू होने का इंतजार है। प्रदेश सरकार की घोषणा के बावजूद अलीगढ़ में रोडवेज अधिकारियों के पास अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक सर्कुलर नहीं पहुंचा है। ऐसे में योजना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार वर्मा के अनुसार शासन से लिखित आदेश प्राप्त होने के बाद ही मुफ्त यात्रा की सुविधा लागू की जा सकेगी। सर्कुलर में पात्रता, पहचान पत्र, यात्रा की अवधि और अन्य नियम स्पष्ट होने के बाद परिचालकों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी।

**घोषणा के बाद बढ़ी जानकारी लेने वालों की संख्या**

मुफ्त यात्रा की घोषणा की जानकारी सामने आने के बाद 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं रोडवेज बस अड्डों और परिचालकों से योजना लागू होने के बारे में जानकारी ले रही हैं। लेकिन सर्कुलर न आने के कारण उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। रक्षाबंधन के दौरान रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या पहले से ही बढ़ जाती है। ऐसे में यदि मुफ्त यात्रा की सुविधा लागू होती है तो महिला यात्रियों की संख्या और बढ़ सकती है।

## 'किसी को नहीं बख्शेंगे': शाहरुख-अजय-टाइगर को नोटिस जारी करने वाले FDA कमिश्नर का सख्त रुख, कहा- सब हैं जवाबदेह



महाराष्ट्र एफडीए ने सरोगेट तंबाकू विज्ञापनों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कमिश्नर तुकाराम मुंढे ने कहा कि विज्ञापन की पूरी चेन में शामिल हर व्यक्ति जिम्मेदार है। शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को विमल इलायची विज्ञापन मामले में नोटिस दिया गया है। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के कमिश्नर तुकाराम मुंढे ने सरोगेट उत्पादों का प्रचार करने वाली हस्तियों के खिलाफ एजेंसी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विज्ञापन की पूरी चेन में शामिल हर व्यक्ति जवाबदेह है।

**तुकाराम मुंढे ने क्या कहा?**

पीटीआई समाचार एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, 'पूरी शृंखला में हर कोई जिम्मेदार है। यह सब पर लागू होता है।' एफडीए प्रमुख ने कहा कि ये नियम सभी पर लागू हैं और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**क्या है पूरा मामला?**

यह घटना महाराष्ट्र एफडीए की ओर से बॉलीवुड अभिनेताओं शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को विमल इलायची नामक कथित तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन में ब्रांड एंडोर्सर के रूप में भाग लेने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद सामने आई है। एफडीए का कहना है कि यह अभियान प्रतिबंधित पान मसाला/तंबाकू से संबंधित उत्पादों का अप्रत्यक्ष या परोक्ष प्रचार हो सकता है।

**विज्ञापनदाताओं से क्या आग्रह किया?**

तुकाराम मुंढे ने कहा कि विज्ञापन की जांच प्रतिबंधित उत्पाद के संभावित विकल्प के रूप में की जा रही है, क्योंकि कंपनी अतीत में गुटखा बेचती पाई गई थी। उन्होंने कहा कि विज्ञापन और दावों को बनाने, प्रकाशित करने या प्रायोजित करने में शामिल सभी लोगों पर नियम लागू होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने विज्ञापनदाताओं से एफएसएसएआई के नियमों को देखने का आग्रह किया।

**विनियम को लेकर क्या कहा?**

इसके साथ ही पीटीआई को बताया, 'यह मुद्दा खाद्य सुरक्षा और मानक विनियमों के कार्यान्वयन से संबंधित है। इनमें से एक विनियम विज्ञापन और भ्रामक दावों से संबंधित है। उन्होंने आगे बताया कि यह विनियम 2018 में अस्तित्व में आया और 1 जुलाई, 2019 से लागू हुआ। उन्होंने आगे कहा, 'कोई भी व्यक्ति जिस भी उत्पाद का प्रचार कर रहा हो। उसे विज्ञापन और दावों के संबंध में एफएसएसएआई के दिशानिर्देशों और नियमों का पालन करना होगा। अगर कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो हम उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।' मुंढे ने पीटीआई को यह भी बताया कि एफडीए की प्रतिक्रिया भ्रामक दावों से संबंधित नियमों पर आधारित थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी प्रस्तुति चाहे वह भौतिक हो, इलेक्ट्रॉनिक हो, सोशल मीडिया के माध्यम से हो या अन्य माध्यमों से किसी ऐसे दावे को बताती, इंगित करती या सुझाती है जो सत्य नहीं है। वह नियमों के विरुद्ध है।

**नियम के उल्लंघन पर क्या होगा?**

मुंढे ने कहा, 'विज्ञापनदाताओं को, जो प्रावधानों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे। नोटिस जारी किए जाएंगे और उनसे यह बताने को कहा जाएगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए।' खाद्य सुरक्षा उल्लंघनों के खिलाफ राज्यव्यापी व्यापक कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र एफडीए ने कई त्वरित वाणिज्य आउटलेट्स के साथ-साथ होटल, रेस्तरां, भोजनालयों और ऑनलाइन खाद्य प्लेटफार्मों पर छापेमारी की है।

**एफडीए ने क्या कार्रवाई की?**

एजेंसी ने चेंबूर स्थित मेसर्स पार्ले एग्रो के गोदाम में फ्रूटी, ऐपी और एप्पल फिज के एक्सपायर्ड स्टॉक मिलने के बाद उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया। पीटीआई समाचार एजेंसी के अनुसार, महाराष्ट्र एफडीए ने ब्लिंकइट, ज़ेप्टो और इंस्टामार्ट सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े कई खाद्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस भी खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के कई उल्लंघनों का हवाला देते हुए निलंबित कर दिए। एफडीए ने 13 अगस्त को महाराष्ट्र भर में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भोजन बेचने और पहुंचाने वाले 86 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसने 60 सुधार नोटिस जारी किए और एक प्रतिष्ठान में संचालन को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: SIT जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट, टीम ने शासन को सौंपी रिपोर्ट

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में SIT जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट मिल गई है। टीम ने शासन को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा में कथित चोरी के मामले में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल (SIT) ने अपनी अंतिम रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इसके बाद रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, SIT की रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा का नाम शामिल नहीं है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी जांच टीम की जांच अभी जारी है। ऐसे में मामले की पूरी जांच प्रक्रिया अभी समाप्त नहीं हुई है।हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी जांच टीम की जांच अभी जारी है। ऐसे में मामले की पूरी जांच प्रक्रिया अभी समाप्त नहीं हुई है।




### आठ आरोपियों के नाम रिपोर्ट में शामिल

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश सरकार की SIT की अंतिम रिपोर्ट में आठ आरोपियों के नाम शामिल हैं। इन सभी को मामले की जांच के दौरान पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की शिकायत पर दर्ज FIR में अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, करुणेश पांडे और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को आरोपी बनाया गया था। इनके खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### चंपत राय और अनिल मिश्रा की भूमिका पर उठे थे सवाल

चढ़ावे की रकम में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद चंपत राय और अनिल मिश्रा की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे थे। विवाद के बीच दोनों ने ट्रस्ट में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। अब प्रदेश सरकार द्वारा गठित SIT की रिपोर्ट में दोनों के नाम नहीं होने से उन्हें राहत मिली है।


### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली जांच जारी

मामले में एक अन्य जांच भी चल रही है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित SIT की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेश सरकार की SIT की रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा को राहत मिलने के बावजूद मामले में अंतिम स्थिति दूसरी जांच के निष्कर्ष के बाद ही स्पष्ट होगी।

# School Closed: भारी बारिश के चलते यूपी में स्कूल बंद

## यहां जारी हुआ आदेश; पढ़ें पूरा अपडेट

School Closed News: यूपी में भारी बारिश का क्रम जारी है। इसके चलते जिला प्रशासन ने स्कूल बंद का एलान किया है। बहराइच में आदेश जारी हो गया है।उत्तर प्रदेश में भारी बारिश को देखते हुए बहराइच जिला प्रशासन ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश कक्षा 01 से लेकर 08 तक के बच्चों पर प्रभावी होगा। उत्तर प्रदेश में भारी बारिश को देखते हुए बहराइच जिला प्रशासन ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश कक्षा 01 से लेकर 08 तक के बच्चों पर प्रभावी होगा।




### प्रदेश में कुल 398.6 मिमी बारिश हुई

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 17 अगस्त तक प्रदेश में कुल 398.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 496.3 मिमी होनी चाहिए थी। यानी, अब तक बारिश सामान्य से 20 प्रतिशत कम है। पूर्वी यूपी में कमी 27 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में आठ प्रतिशत है। अगले सप्ताह बारिश इस कमी को कुछ हद तक पूरा कर सकती है।

### आज इन जिलों में है भारी बारिश की चेतावनी

चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आस पास के क्षेत्र।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्र ने प्रोफेसर को पीटा:

## प्रशासन ने हमलवार को किया निलंबित, सामने आया हिंसा




इस घटना को लेकर इंडियन नेशनल टीचर्स कांग्रेस (इंटेक) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिख घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने कहा कि किसी शिक्षक के साथ परिसर में शारीरिक हिंसा की घटना को केवल सामान्य अनुशासनात्मक मामला नहीं माना जा सकता।दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रो. अनुपम झा के साथ कथित शारीरिक मारपीट के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी छात्र शुभम सिंह का तत्काल प्रभाव से निलंबन कर दिया है। विश्वविद्यालय के अनुसार सुबह 10:30 बजे उमंग भवन में हुई घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज प्राप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई। शुभम सिंह ने विधि संकाय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीएचडी शोधार्थी के रूप में दाखिला लिया था। वहीं पीड़ित शिक्षक ने इस मामले की शिकायत मौरिस नगर थाने में दी है।

### इंटेक ने डीयू कुलपति को लिखा पत्र

इस घटना को लेकर इंडियन नेशनल टीचर्स कांग्रेस (इंटेक) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिख घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने कहा कि किसी शिक्षक के साथ परिसर में शारीरिक हिंसा की घटना को केवल सामान्य अनुशासनात्मक मामला नहीं माना जा सकता।

### इंटेक ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

इंटेक ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्र के खिलाफ विश्वविद्यालय के नियमों, अध्यादेशों और लागू नियमों के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने यह भी कहा कि यदि जांच में संज्ञेय अपराध के तथ्य सामने आते हैं तो उचित कार्रवाई की जाए।

### शिक्षक संगठन ने की ये मांग

शिक्षक संगठन ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने, प्रो. अनुपम झा और अन्य शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने विधि संकाय सहित विश्वविद्यालय के अन्य परिसरों में शिक्षकों की सुरक्षा से जुड़े व्यापक मुद्दों की समीक्षा के लिए उपयुक्त समिति गठित करने की मांग भी की है।

### पीएचडी छात्र शुभम सिंह निलंबित

निलंबन आदेश में कहा गया है कि शुभम सिंह को तत्काल प्रभाव से विधि संकाय से निलंबित किया जाता है। साथ ही, दिल्ली विश्वविद्यालय अधिनियम, 1922 के अध्यादेश 15 बी के तहत उनके विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पर भी तत्काल रोक लगा दी गई है।

# यूपी में IPS अफसर की मां का कत्ल:

## हमेशा खुला रहता था घर का छोटा दरवाजा, इस एक सवाल ने उलझा दी पूरी कहानी

उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस अधीक्षक (हेडक्वार्टर) के पद पर तैनात आशुतोष मिश्रा की मां की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। अब पुलिस करीबियों की कॉल डिटेल खंगाल रही है। एसओजी-सर्विलांस और फोरेंसिक टीम ने फिर से सबूत जुटाए हैं। ग्रामीणों और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस अधीक्षक (हेडक्वार्टर) के पद पर तैनात आशुतोष मिश्रा की मां इंद्रावती (91) की हत्या के मामले में पुलिस आसपास ग्रामीणों से पूछताछ में जुटी है। इंद्रावती के संपर्क में रहने वाले लोगों और उनके मोबाइल नंबरों की पड़ताल कर रही है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुबूत नहीं लगा है। घर के आसपास व गांव में सीसीटीवी कैमरा न होने से पुलिस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।मालीपुर थाना क्षेत्र के रूढ़ा धमरूआ गांव निवासी इंद्रावती का शव रविवार सुबह करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर में मिला था। उनके मुंह से खून बह रहा था और शरीर से जेवर गायब थे। एसपी आशुतोष मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने लूट और हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है।




पुलिस टीमों ने ग्रामीणों, रिश्तेदारों और आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ की। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांव आने के बाद इंद्रावती की किन-किन लोगों से बातचीत हुई थी। संबंधित नंबरों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। इसके अलावा, इंद्रावती के घर आने-जाने वालों तथा घटना से एक दिन पहले उनसे मिलने वालों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। देर शाम कई लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ की गई।



देर रात शव का पोस्टमॉर्टम हुआ था, लेकिन मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका। हालांकि, शरीर के कुछ हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। विसरा सुरक्षित रखा गया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार को एसओजी, सर्विलांस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोबारा गहन जांच की और मौके से उपलब्ध साक्ष्यों को जुटाने का प्रयास किया।



### हमेशा खुला रहता था घर का छोटा दरवाजा

सूत्रों के अनुसार, आशुतोष मिश्रा के घर का छोटा दरवाजा आमतौर पर खुला रहता था। इंद्रावती जब गांव आती थीं तो दालान में ही सोती थीं। ग्रामीणों के बीच उनका काफी सम्मान था, इसलिए सुरक्षा को लेकर भी किसी तरह की विशेष चिंता नहीं थी। घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि जो इंद्रावती आमतौर पर बरामदे में सोती थीं, वह वारदात वाली रात घर के हॉल में क्यों सो रही थीं। इसके अलावा, घटना के बाद घर के बाहरी दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि वारदात में किसी परिचित व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी।

# चचेरे भाई ने की बहन की हत्या:

## कत्ल के बाद सूटकेस में बंद कर शव झाड़ियों में फेंका; आरोपी गिरफ्तार, जानें वजह



बुराड़ी क्षेत्र में प्रेम संबंध से नाराज चचेरे भाई ने 17 साल की नाबालिग बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को सूटकेश में बंद कर ठिकाने लगा दिया।बुराड़ी क्षेत्र में प्रेम संबंध से नाराज चचेरे भाई ने 17 साल की नाबालिग बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को सूटकेश में बंद कर ठिकाने लगा दिया। घटना की जानकारी के बाद बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने आरोपी 22 साल के अविनाश को गिरफ्तार कर बुराड़ी थाने के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बुराड़ी इलाके से लड़की के शव को बरामद कर लिया है। लड़की के परिवार वालों ने घटना की शिकायत पुलिस को नहीं की थी। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है।बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी सक्सेना ने बताया कि बाहरी उत्तरी जिला स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली कि एक युवक सूटकेश लेकर बाइक से गया लेकिन, वापसी में उसके पास सूटकेश नहीं था। इस पर पुलिस ने अविनाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पता चला कि उसकी चचेरी बहन का किसी युवक से प्रेम संबंध चल रहा था। वह उससे शादी करना चाहती थी लेकिन, परिवार वाले इस रिश्ते के लिए मना कर दिया।परिजनों ने अविनाश को अपने साथ रखने के लिए कहा। आरोपी ने बताया कि यहां आने के बाद भी लड़की उस लड़के से संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। 16 अगस्त को इसी बात को लेकर गुस्से में आकर उसने बहन की गला दबाकर हत्या कर शव को सूटकेश में डालकर उसे ठिकाने लगा दिया।पुलिस ने अविनाश के निशानदेही पर बुराड़ी के अजीत विहार के झाड़ियों से लड़की के शव को बरामद कर लिया।

### युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

नई दिल्ली। नारायणा इलाके में सोमवार सुबह एक 30 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। उसका नग्न शव सी ब्लॉक स्थित सरकारी स्कूल की दीवार के पास मिला। युवक के सिर को पत्थर से कुचला गया था। मृतक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। नारायणा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि सुबह सात बजे सूचना मिली थी। पुलिस को युवक के बाएं हाथ पर आनंद और रेणु नाम का टैटू मिला है। शुरुआती जांच में पत्थर मारकर हत्या किए जाने का अनुमान है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और गायब लोगों के परिवार वालों से संपर्क कर रही है।

# UP: केमिकल से तैयार हो रहा पनीर और खोआ,

## पाम ऑयल से घी; जानें असली 'माल' की पहचान करने के चार तरीके




आगरा में पनीर, खोआ और घी के 96 नमूनों में 57 फेल मिले, जबकि 23 में नकली होने की पुष्टि हुई है। पनीर-खोआ में स्टार्च और रिफाइंड से लेकर घी में पाम ऑयल तक मिलाए जाने का खुलासा हुआ है, जानिए घर पर असली-नकली पहचानने के चार तरीके।घी, पनीर और खोआ सबसे ज्यादा मिलावटी और नकली हैं। इनके 60 फीसदी नमूने फेल हुए। ऐसे आंकड़ों को देख मुख्यमंत्री ने एनालॉग डेयरी उत्पादों को प्रतिबंधित (बैन) कर दिया है। इनकी बिक्री रोकने के लिए खाद्य विभाग जांच तेज कर रहा है। पुष्टि होने पर संचालक पर प्राथमिकी दर्ज होगी। ब्रांड भी प्रतिबंधित किया जाएगा।खाद्य विभाग को बीते दिनों खोआ, पनीर और घी के 96 नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हुई। इनमें से 57 नमूने फेल पाए गए। इनमें से 23 नमूनों में नकली की पुष्टि हुई। दूध की बात करें तो 111 नमूनों की रिपोर्ट में से 81 मिलावटी और नकली पाए गए।

जांच में घी में पाम ऑयल, वनस्पति तेल, एसेंस और पनीर-खोआ में स्टार्च, रिफाइंड, स्किम्ड मिल्क पाउडर पाया गया। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जांच में एनालॉग की पुष्टि होने पर फर्म का लाइसेंस निरस्त करने, प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा है। पूरे प्रदेश में ब्रांड के उत्पाद भी बैन किए जाएंगे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि एनालॉग डेयरी उत्पादों की जांच करने के लिए टीम को सक्रिय किया है। नमूने में पुष्टि होने पर कार्रवाई करते हुए शासन को भी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### क्या होता है एनालॉग डेयरी उत्पाद

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि एनालॉग कृत्रिम डेयरी उत्पाद होते हैं। इनको शुद्ध दूध से तैयार नहीं किया जाता है। इन सामग्री में दूध की वसा और प्रोटीन नहीं होती है। इसके स्थान पर पाम ऑयल, स्टार्च, सोया प्रोटीन और इमल्सीफायर (एक ऐसा पदार्थ है जो दो ऐसे तत्वों या तरल पदार्थों को आपस में मिलने और जुड़े रहने में मदद करता है जो आमतौर पर एक-दूसरे में नहीं मिलते) का उपयोग कर बनाया जाता है। इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है और इनके खाने से पेट रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग का खतरा अधिक होता है।

## Donald Trump: भारत के चुनावी मॉडल के मुरीद हुए ट्रंप, अमेरिका में वोटर ID अनिवार्य करने की मांग क्यों हुई तेज?




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था और मतदाता पहचान पत्र के नियमों का उदाहरण देते हुए अमेरिका में कड़े चुनावी नियम लागू करने की मांग दोहराई है। ट्रंप ने कहा कि भारत में करोड़ों लोगों ने मतदान किया और मतदाताओं के लिए पहचान पत्र जरूरी था। उन्होंने इसी आधार पर सेव अमेरिका एक्ट पारित करने की मांग की। अमेरिका में इस कानून को लेकर इतना विवाद क्यों है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था का उदाहरण देते हुए अमेरिका में हर मतदाता के लिए फोटो पहचान पत्र अनिवार्य करने की अपनी मांग फिर दोहराई है। ट्रंप ने दावा किया कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनके प्रशासन से सवाल किया था कि अमेरिका में वैध फोटो पहचान पत्र के बिना चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं। ट्रंप ने भारत की व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका को भी चुनाव में पहचान और नागरिकता से जुड़े नियम कड़े करने चाहिए।

**भारत के चुनाव को लेकर ट्रंप ने क्या दावा किया?**

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि भारत के हालिया आम चुनाव में करीब 64.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया और एक प्रतिशत से भी कम मतदाताओं ने डाक मतपत्र का इस्तेमाल किया। उन्होंने यह भी कहा कि हर मतदाता के लिए वैध फोटो पहचान पत्र जरूरी था। ट्रंप ने भारत के चुनावी मॉडल को अमेरिका में अनिवार्य फोटो पहचान की जरूरत के समर्थन में उदाहरण के तौर पर पेश किया। उनका कहना है कि इससे चुनाव में धोखाधड़ी की आशंका को कम किया जा सकता है।

**सेव अमेरिका एक्ट में क्या बदलाव प्रस्तावित हैं?**

ट्रंप जिस सेव अमेरिका एक्ट के समर्थन में लगातार आवाज उठा रहे हैं, उसका पूरा नाम सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजीबिलिटी एक्ट है। प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिका में मतदान के लिए पंजीकरण कराने वाले लोगों को अपनी नागरिकता का प्रमाण देना होगा। इसके अलावा देशभर में मतदाता पहचान पत्र की व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव है। कानून डाक से मतदान की सुविधा पर भी कड़े प्रतिबंध लगाने की दिशा में है। ट्रंप इसे चुनावी धोखाधड़ी रोकने के लिए जरूरी कदम बताते हैं।

**क्या अमेरिका में इस कानून को लेकर सहमति है?**

सेव अमेरिका एक्ट को लेकर अमेरिका में राजनीतिक सहमति नहीं बन पाई है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के भीतर इस मुद्दे पर मतभेद हैं। ट्रंप लगातार कानून पारित कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सीनेट में इसे आगे बढ़ाने को लेकर अब तक ठोस कदम नहीं उठे हैं। अगस्त की शुरुआत में अमेरिकी सीनेट पांच सप्ताह के अवकाश पर चली गई थी और कानून को लेकर कोई अंतिम प्रगति नहीं हुई। ऐसे में ट्रंप का भारत का उदाहरण देना उनकी राजनीतिक मुहिम को आगे बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

**ट्रंप ने फिर क्यों कहा सेव अमेरिका एक्ट अभी पारित करें?**

ट्रंप का तर्क है कि मतदाता की पहचान और नागरिकता की पुष्टि चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्होंने अमेरिका में भी ऐसे नियम लागू करने की मांग की है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को चुनावी धोखाधड़ी रोकने के लिए सेव अमेरिका एक्ट पारित करना चाहिए। हालांकि, कानून को लेकर राजनीतिक मतभेद अभी कायम हैं। भारत का उदाहरण देकर ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिकी चुनाव व्यवस्था में पहचान पत्र और नागरिकता के सवाल को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है।

**भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने क्या कहा?**

ट्रंप के बयान के समर्थन में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप बिल्कुल सही हैं। गोर ने दावा किया कि भारत के पिछले चुनाव में 64.6 करोड़ मतदाता थे और हर मतदाता के लिए पहचान पत्र जरूरी था। उन्होंने इसी उदाहरण का हवाला देते हुए अमेरिकी कांग्रेस से सेव अमेरिका एक्ट पारित करने की अपील की।

## Philippines: दो बंदूकें लेकर स्कूल पहुंचा छात्र, पहले टीचर पर चलाई गोली फिर साथी छात्र की हत्या कर की खुदकुशी




फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में एक स्कूल में एक छात्र ने दो बंदूकों से गोलीबारी की। उसने एक साथी छात्र की हत्या कर खुदकुशी कर ली। गोलीबारी के बाद सैकड़ों छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में बताई। दक्षिणी फिलीपींस में एक हाई स्कूल में मंगलवार को दो बंदूकें लिए एक छात्र ने अपने ही एक साथी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद फिर खुदकुशी कर ली। इस घटना के बाद सैकड़ों छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जाम्बोआंगा शहर के मेयर खाइमर अदान ओलासो ने कहा कि हमलावर ने शायद हमले की लाइव-स्ट्रीमिंग के लिए बॉडी कैमरा पहना हुआ था। यह हमला उनके शहर में एटेनिओ डी जाम्बोआंगा यूनिवर्सिटी कैंपस के हाई स्कूल में हुआ। उन्होंने बताया कि दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

**मेयर ने क्या बताया?**

ओलासो ने DZBB रेडियो नेटवर्क को बताया कि हमलावर ने पहले एक टीचर पर गोली चलाई, लेकिन यह साफ नहीं है कि टीचर को गोली लगी या नहीं। इसके बाद उसने अपने एक साथी छात्र को गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गई, और फिर उसने खुद को गोली मार ली।

**छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया**

हाई स्कूल की बिल्डिंग में गोली चलने की आवाज के बाद सैकड़ों छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह बिल्डिंग एक सुरक्षित कैंपस में है, जो कैथोलिक यूनिवर्सिटी के बड़े कैंपस से अलग है। उस बड़े कैंपस में यूनिवर्सिटी के कॉलेज और प्रोफेशनल स्कूल हैं, जो जाम्बोआंगा बंदरगाह शहर में स्थित हैं।

**पुलिस ने क्या कहा?**

गोलीबारी के कुछ घंटों बाद पुलिस ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों से शांत रहने और बच्चों को ले जाने के लिए हाई स्कूल की सलाह और व्यवस्थाओं का पालन करने को कहा।

**पुलिस ने जनता से क्या अपील की?**

नेशनल पुलिस चीफ जनरल जोस मेलेंसियो नार्टटिज जूनियर ने कहा, 'अधिकारी अभी घटना से जुड़ी परिस्थितियों का पता लगा रहे हैं।' पुलिस सही समय पर पक्की जानकारी देगी और जनता से अपील करती है कि वे ऐसी बिना पुष्टि वाली खबरें, तस्वीरें या वीडियो शेयर न करें जिनसे बेवजह चिंता पैदा हो सकती है।' नार्टटिज ने कहा, 'नेशनल पुलिस जनता को भरोसा दिलाती है कि स्कूल समुदाय की सुरक्षा और भलाई हमारी प्राथमिकता है। हम स्कूल प्रशासन, माता-पिता, अभिभावकों और समुदाय का उनके धैर्य, सहयोग और समझदारी के लिए धन्यवाद करते हैं, क्योंकि अधिकारी स्थिति को संभालने का काम कर रहे हैं।'

**पहले भी हुए हैं ऐसे घटना?**

यह गोलीबारी तब हुई जब पुलिस ने भरोसा दिलाया था कि देश भर के स्कूलों में सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। इससे पहले जून में मध्य टैकलोबन शहर में हुई गोलीबारी में तीन हाई स्कूल छात्र मारे गए थे और कम से कम 20 अन्य घायल हुए थे। पुलिस ने उस गोलीबारी को अंजाम देने के आरोप में 14 और 15 साल के दो छात्रों को गिरफ्तार किया था। फिलीपींस में बंदूक के इस्तेमाल से जुड़े अपराध आम हैं, जिसका एक कारण बिना लाइसेंस वाली बंदूकों का बड़ी संख्या में होना है, लेकिन स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं अपेक्षाकृत कम होती हैं।

**थाईलैंड में क्या हुआ था?**

फिलीपींस में यह गोलीबारी थाईलैंड में स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना के दो हफ्ते से भी कम समय के भीतर हुई। बैंकॉक के पास नोंथाबुरी प्रांत में 14 साल के एक लड़के द्वारा अपने दादा-दादी, स्कूल के पांच कर्मचारियों और 12 साल की एक लड़की की हत्या किए जाने के बाद, थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने देश में बंदूकों पर रोक लगाने के लिए कदम उठाए। एशिया में बंदूक रखने के मामले में थाईलैंड का स्थान पाकिस्तान के बाद दूसरा है और यह अपने दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों से कहीं आगे है।

## World: खूंखार आतंकी संगठन अल-शबाब का हमला नाकाम, सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 30 आतंकी ढेर

अफ्रीकी देश जाम्बिया में राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा दूसरे कार्यकाल के लिए चुने गए हैं। जाम्बिया के निर्वाचन आयोग ने 18 अगस्त, 2026 को इसकी घोषणा की। उन्हें 14 अगस्त को हुए राष्ट्रपति चुनाव का सीधा विजेता घोषित किया गया। हिचिलेमा ने 51 फीसदी से अधिक वोट हासिल किए। आयोग के अनुसार, हिचिलेमा को 2,965,326 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ब्रायन मुंडुबिले को 1,856,217 वोट प्राप्त हुए। आयोग की अध्यक्ष म्वांगाला ज़ालूमिस ने हिचिलेमा को राष्ट्रपति-निर्वाचित घोषित किया। मतगणना 15 अगस्त को मतदान अधिकारियों पर हमले और मतपत्रों की चोरी के कारण निलंबित हुई, फिर कड़ी सुरक्षा में शुरू की गई। चुनाव की रात कई विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया, जिन पर पुलिस ने राज्य सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। ब्रायन मुंडुबिले ने अपने घर पर पुलिस छापे और जानलेवा हमले का आरोप लगाया।

**बिग बेंड नेशनल पार्क में सीमा नहीं बनेगी, ट्रंप प्रशासन ने विवादित परियोजना रोकी**

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने बिग बेंड नेशनल पार्क में एक विवादास्पद सीमा परियोजना का निर्माण अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह निर्णय एजेंसी प्रमुख के टेक्सास दौरे के बाद 'जमीनी मूल्यांकन' के लिए लिया गया है। यह परियोजना दक्षिण टेक्सास में राष्ट्रीय पार्क से होकर गुजरनी थी। इस परियोजना को आलोचकों के कड़े द्विदलीय विरोध का सामना करना पड़ा है। आलोचकों का कहना है कि यह क्षेत्र एक प्राचीन पर्यावरणीय इलाका है। उनके अनुसार, यह परियोजना इस क्षेत्र को खराब कर रही है। उनका तर्क है कि क्षेत्र का कठिन और दूरस्थ इलाका पहले से ही प्रवासियों और तस्करों को रोकता है। इसलिए, दीवार बनाने की आवश्यकता नहीं है।




**फेंटेनाइल पर विवादास्पद रणनीति की समीक्षा, न्यू मेक्सिको ने मुकदमे की धमकी दी**

अमेरिकी न्याय विभाग के आंतरिक निगरानीकर्ता ने DEA की विवादास्पद रणनीति की समीक्षा की घोषणा की है। इस रणनीति में बड़े मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ मामले बनाने के लिए फेंटेनाइल को सड़कों पर जाने दिया गया। वर्तमान और पूर्व एजेंटों ने इसे सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जुआ बताया है। व्हाइट हाउस ने फेंटेनाइल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' घोषित किया है। यह समीक्षा एसोसिएटेड प्रेस की उस जांच के बाद आई है, जिसमें DEA एजेंटों ने न्यू मैक्सिको में फेंटेनाइल खेपों की निगरानी की पर उन्हें जब्त नहीं किया। व्हिसलब्लोअर डेविड हॉवेल ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने न्यू मैक्सिको में "समुदाय को जहर दिया"। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने न्याय विभाग पर मुकदमा करने की धमकी दी है। दो अन्य व्हिसलब्लोअर भी सामने आए हैं।

**Somalia: खूंखार आतंकी संगठन अल-शबाब का हमला नाकाम, सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 30 आतंकी ढेर**

सोमाली नेशनल आर्म्ड फोर्सेज (एसएनएएफ) ने सोमवार तड़के सोमालिया के मध्य शहर बैदोआ में हुए एक हमले को नाकाम करने के बाद अल-शबाब के कम से कम 30 आतंकियों को मार गिराया और कई अन्य को पकड़ लिया। सोमालिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सुबह 5 बजे हथियारबंद लोगों ने गाड़ियों में लगे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का इस्तेमाल करके एसएनएएफ की चौकियों पर हमला किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि हमलावर गुट में अल-शबाब के चरमपंथी और साउथवेस्ट स्टेट के राष्ट्रपति अब्दिअजीज हसन मोहम्मद लाफ्टागरीन के वफादार उग्रवादी शामिल थे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'एसएनएएफ ने पेशेवर और निर्णायक ढंग से जवाबी कार्रवाई की, हमले को नाकाम किया और बैदोआ की सुरक्षा और स्थिरता को अस्थिर करने की हमलावरों की कोशिश को विफल कर दिया।' बयान में कहा गया है कि सैन्य बलों ने हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार और गाड़ियां जब्त कर ली हैं और शहर को सुरक्षित करने तथा बैदोआ के कुछ हिस्सों में बचे हुए लड़ाकों का पता लगाने के लिए क्लीयरेंस ऑपरेशन चला रहे हैं। इसमें कहा गया, 'रक्षा मंत्रालय ऑपरेशन पूरा होने के बाद हमले और ऑपरेशन के नतीजों के बारे में सोमालिया की जनता को और जानकारी देगा।' सोमाली सैनिकों का मार्च से ही शहर पर नियंत्रण है, जब उन्होंने बैदोआ पर कब्जा किया और लाफ्टागरीन को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। स्थानीय लोगों ने पुष्टि की कि सोमवार सुबह बैदोआ में जबरदस्त लड़ाई हुई, जिसमें एसएनएएफ बलों की भिड़ंत लाफ्टागरीन के वफादार हथियारबंद मिलिशिया और अल-शबाब के लोगों से हुई। हालांकि स्थानीय विपक्षी नेताओं ने शहर पर कब्जा करने का दावा किया, लेकिन सैन्य अधिकारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया और पुष्टि की कि सुरक्षा अभियान जारी है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के समर्थन से सोमालिया की नेशनल इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी एजेंसी (एनआईएसए) ने रविवार को मध्य क्षेत्र में एक टारगेटेड ऑपरेशन में अल-शबाब के चरमपंथियों को मार गिराया, जिनमें तीन सीनियर कमांडर भी शामिल थे। एनआईएसए द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह संयुक्त ऑपरेशन हिरान क्षेत्र के टार्डो इलाके में चलाया गया और इसमें तीन बड़े नेताओं के साथ-साथ उनकी सुरक्षा में तैनात पांच मिलिशिया सदस्यों को मार गिराया गया, जबकि चार अन्य घायल हो गए। सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में जारी बयान में सुरक्षा एजेंसी ने कहा, 'आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन ने क्षेत्रीय ऑपरेशनल लीडरशिप के लिए जिम्मेदार अहम लोगों को सफलतापूर्वक खत्म कर दिया, जिनमें पूर्वी हिरान के जबरन वसूली नेटवर्क का प्रमुख और जबहादा मिलिशिया तथा फुरसान विंग के कमांडर शामिल थे।'संयुक्त ऑपरेशन के कारण अल-शबाब के कई ठिकानों पर फिर से कब्जा कर लिया गया है और उनके मुख्य अड्डों और स्टोरेज सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया है, जबकि सैनिक बचे हुए लड़ाकों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं।

## एफबीआई मुख्यालय अब कहां बनेगा?: ट्रंप प्रशासन को कोर्ट ने दिया बड़ा झटका, हेडक्वार्टर की शिफ्टिंग पर लगाई रोक

अमेरिकी कोर्ट ने एफबीआई मुख्यालय को वॉशिंगटन की रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में शिफ्ट करने की ट्रंप प्रशासन की योजना पर रोक लगा दी। जज थियोडोर चुआंग ने इसे गैरकानूनी बताया। मैरीलैंड और प्रिंस जॉर्ज काउंटी की याचिका पर फैसला आया। इससे ग्रीनबेल्ट में नए एफबीआई मुख्यालय की योजना को फिर बढ़त मिली सकती है। अमेरिका के एक जज ने सोमवार को एफबीआई के मुख्यालय को वॉशिंगटन की एक फेडरल ऑफिस बिल्डिंग में ले जाने की योजना पर रोक लगा दी। जज ने पाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मैरीलैंड में पास की गई एक नई बिल्डिंग बनाने की योजना को गैर-कानूनी तरीके से रद्द कर दिया था। यह फैसला देश की प्रमुख कानून लागू करने वाली एजेंसी का मुख्य कार्यालय कहां बनाया जाए, इस पर बरसों से चल रही लड़ाई में एक नया घटनाक्रम है। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में एक जगह चुनी गई थी, लेकिन ट्रंप की ओर से नियुक्त अधिकारियों ने पिछले साल उस फैसले को पलटने की कोशिश की।

ट्रंप प्रशासन क्या चाहता था?

वे चाहते थे कि एफबीआई के मौजूदा मुख्यालय से कुछ ब्लॉक दूर स्थित फेडरल ऑफिस कॉम्प्लेक्स, 'रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग' का इस्तेमाल इस काम के लिए किया जाए।




**जिला जज चुआंग ने क्या फैसला सुनाया?**

राष्ट्रपति बराक ओबामा की ओर से नियुक्त अमेरिकी जिला जज थियोडोर डी. चुआंग ने फैसला सुनाया कि यह कदम कानून के मुताबिक नहीं था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को एफबीआई को रीगन बिल्डिंग में ले जाने के लिए उसकी मरम्मत करने या फंड का दोबारा इस्तेमाल करने से रोक दिया।

**मुकदमा किसने दायर किया था?**

न्याय विभाग और एफबीआई के अधिकारियों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। यह मुकदमा मैरीलैंड राज्य और प्रिंस जॉर्ज काउंटी ने दायर किया था।

**मैरीलैंड के अटॉर्नी जनरल ने क्या कहा?**

मैरीलैंड के अटॉर्नी जनरल एंथनी ब्राउन (जो डेमोक्रेट हैं) ने एक बयान में कहा, 'मैरीलैंड और प्रिंस जॉर्ज काउंटी ने एफबीआई मुख्यालय हासिल करने के लिए एक दशक से ज्यादा समय तक काम किया है। इसके साथ ही करोड़ों डॉलर देने का वादा किया। कोर्ट ने ग्रीनबेल्ट लौटने का रास्ता साफ कर दिया है।'

# Dynamic Bond Fund: ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव में कैसे संभालता है निवेश?




ब्याज दरें बढ़ें या घटें, डेट निवेश को लेकर आम निवेशक अक्सर असमंजस में रहता है। डायनेमिक बॉन्ड फंड इसी बदलाव के बीच अपनी रणनीति बदलकर काम करते हैं। फंड मैनेजर ब्याज दरों के अनुमान के आधार पर लंबी या छोटी अवधि के बॉन्ड में निवेश का फैसला करता है। लेकिन इसमें जोखिम भी है। क्या 2 से 4 साल के निवेश के लिए यह फंड आपके काम का हो सकता है? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...डायनेमिक बॉन्ड फंड को ऐसे समझिए जैसे लंबी यात्रा में जीपीएस रास्ता बदलता है। जब ब्याज दरों का माहौल बदलता है, तो यह फंड भी अपने निवेश की अवधि और रणनीति बदल सकता है। इन फंड्स की कोई तय मैच्योरिटी अवधि नहीं होती। फंड मैनेजर बाजार की स्थिति देखकर अलग-अलग अवधि वाले बॉन्ड में पैसा लगा सकता है। बॉन्ड बाजार का सामान्य नियम है कि ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने बॉन्ड की कीमतें घटती हैं और ब्याज दरें गिरने पर पुराने बॉन्ड की कीमतें बढ़ती हैं। इसी बदलाव से फंड मैनेजर कमाई का अवसर तलाशता है।

**ब्याज दर घटने या बढ़ने पर फंड क्या करता है?**

अगर फंड मैनेजर को लगता है कि ब्याज दरें आगे घट सकती हैं, तो वह लंबी अवधि वाले बॉन्ड में निवेश बढ़ा सकता है। ब्याज दर घटने पर ऐसे बॉन्ड की कीमत बढ़ने का फायदा मिल सकता है। इसके उलट अगर महंगाई या वैश्विक दबाव के कारण ब्याज दरें बढ़ने का खतरा हो, तो पोर्टफोलियो को छोटी अवधि के साधनों या ट्रेजरी बिलों की ओर ले जाया जा सकता है। इस तरह निवेशक को खुद यह तय नहीं करना पड़ता कि मौजूदा माहौल में शॉर्ट-टर्म बॉन्ड बेहतर हैं या लॉन्ग-टर्म। यह फैसला फंड मैनेजर करता है।


**डायनेमिक बॉन्ड फंड की सबसे बड़ी ताकत क्या है?**

इस फंड की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह ब्याज दरों के अलग-अलग दौर में अपनी रणनीति बदल सकता है। पारंपरिक फिक्स्ड-ड्यूरेशन फंड की तुलना में इसमें फंड मैनेजर को अधिक लचीलापन मिलता है। फंड आमतौर पर सरकारी सिक्योरिटीज, अच्छी क्रेडिट रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स के बीच संतुलन बनाकर निवेश करता है। फंड मैनेजर भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति, महंगाई के आंकड़ों और बैंकिंग सिस्टम में नकदी की स्थिति पर नजर रखता है। इसी जानकारी के आधार पर पोर्टफोलियो में बदलाव किए जाते हैं।

**1 अप्रैल 2023 के बाद डायनेमिक बॉन्ड फंड पर टैक्स कैसे लगता है?**

टैक्स के मामले में 1 अप्रैल, 2023 के बाद खरीदी गई डायनेमिक बॉन्ड फंड की यूनिट्स के लिए नियम बदल गए हैं। दिए गए विवरण के मुताबिक, ऐसी यूनिट्स से होने वाली कमाई निवेशक की कुल आय में जोड़ी जाती है और उस पर निवेशक के लागू आयकर स्लैब के हिसाब से टैक्स लगता है।

# Loan Recovery Agents: EMI नहीं भर पाए तो डरिए नहीं, जानिए आपके क्या अधिकार हैं; एजेंट क्या नहीं कर सकते?




**अगर किसी वजह से आपकी ईएमआई नहीं भर पा रही है और रिकवरी एजेंट घर या फोन पर धमका रहा है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। बैंक को अपना बकाया मांगने का अधिकार है, लेकिन ग्राहक को डराने, अपमानित करने या परिवार और परिचितों के सामने कर्ज की जानकारी सार्वजनिक करने की इजाजत नहीं है। ऐसे में ग्राहक के पास कौन-कौन से अधिकार हैं और गलत व्यवहार होने पर क्या कदम उठाना चाहिए? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...**

नौकरी छूटने, बीमारी या अचानक आए बड़े खर्च के कारण कई बार व्यक्ति लोन की किस्त नहीं चुका पाता। इसके बाद रिकवरी एजेंट के फोन और घर पर आने से ग्राहक दबाव में आ जाता है। लेकिन ईएमआई चूकने का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति आपके साथ बदसलूकी कर सकता है। कर्ज की वसूली बैंक या वित्तीय संस्था की कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने साफ कहा है कि बैंक और उनके रिकवरी एजेंट कर्ज वसूलने के लिए किसी तरह की धमकी या उत्पीड़न नहीं कर सकते।


**रिकवरी एजेंट किस समय फोन कर सकता है?**

आरबीआई के मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों और उनके रिकवरी एजेंटों को बकाया कर्ज की वसूली के लिए सुबह 8 बजे से पहले और शाम सात बजे के बाद ग्राहक को फोन नहीं करना चाहिए। लगातार फोन करना, धमकी भरी या गुमनाम कॉल करना और झूठी या भ्रामक जानकारी देकर भुगतान के लिए दबाव बनाना भी नियमों के खिलाफ है।

**रिकवरी एजेंट आपके घर आए तो आप क्या मांग सकते हैं?**

रिकवरी एजेंट के घर आने पर ग्राहक को उसकी पहचान और बैंक की ओर से मिली अधिकृत जानकारी की जांच करनी चाहिए। RBI के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक को कर्ज की वसूली के लिए एजेंसी की जानकारी ग्राहक को देनी चाहिए और एजेंट के पास पहचान पत्र तथा बैंक की ओर से जारी नोटिस और प्राधिकरण पत्र होना चाहिए। बैंक की ओर से नियुक्त एजेंट की गतिविधियों की जिम्मेदारी अंततः बैंक की ही रहती है। इसलिए किसी अनजान व्यक्ति को केवल धमकी के आधार पर पैसा देने के बजाय पहले उसकी पहचान और अधिकार की पुष्टि करना जरूरी है।

# NPS: टैक्स बचत ही नहीं, रिटायरमेंट तक तीन बड़े फायदे; कैसे मिलता है ट्रिपल टैक्स का फायदा? आसान भाषा में समझें




नेशनल पेंशन सिस्टम यानी एनपीएस को अक्सर टैक्स बचाने वाले निवेश के तौर पर देखा जाता है। कई लोगों को लगता है कि अगर तत्काल मिलने वाली टैक्स छूट बहुत बड़ी नहीं है तो एनपीएस में पैसा लगाने का कोई खास फायदा नहीं है। लेकिन रिटायरमेंट के लिए किसी निवेश को केवल इस आधार पर देखना सही नहीं है कि निवेश करते समय कितनी टैक्स छूट मिल रही है। असल सवाल यह है कि अगले 25 या 30 वर्षों में वह निवेश आपके लिए कितनी कुशलता से संपत्ति बनाने में मदद करता है। एनपीएस की खासियत यही है कि इसमें निवेश के अलग-अलग चरणों में टैक्स से जुड़े फायदे मिलते हैं।

**एनपीएस में पहला टैक्स लाभ कैसे मिलता है?**

एनपीएस में कर्मचारी का योगदान आयकर की धारा 80C के तहत उपलब्ध 1.5 लाख रुपये की कुल सीमा के भीतर कटौती के लिए पात्र है। इसके अलावा 80C की सीमा से ऊपर कर्मचारी के एनपीएस योगदान पर 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त कटौती का लाभ मिलता है। यानी पात्रता के अनुसार एनपीएस के जरिए कर्मचारी अपनी कर योग्य आय को और कम कर सकता है। इसके साथ ही नियोक्ता की ओर से एनपीएस में किया गया योगदान भी तय सीमा तक कटौती के लिए पात्र होता है। पुरानी कर व्यवस्था में बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत, जबकि नई कर व्यवस्था में यही सीमा 14 प्रतिशत बताई गई है।इसका मतलब है कि पात्र कर्मचारियों को अपने वेतन के साथ मिलने वाले नियोक्ता योगदान के जरिए भी रिटायरमेंट के लिए बड़ी रकम बनाने का मौका मिल सकता है।स तरह एनपीएस का पहला टैक्स फायदा केवल कर्मचारी के अपने निवेश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नियोक्ता के योगदान को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।स तरह एनपीएस का पहला टैक्स फायदा केवल कर्मचारी के अपने निवेश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नियोक्ता के योगदान को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

**एनपीएस में दूसरा टैक्स फायदा क्या है?**

एनपीएस का दूसरा बड़ा फायदा निवेश के दौरान पोर्टफोलियो को बदलने से जुड़ा है। इक्विटी और डेट में निवेश के अनुपात को समय-समय पर बदलने की प्रक्रिया को पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग कहा जाता है। एनपीएस में नियमों के तहत इस तरह के बदलाव पर कैपिटल गेन्स टैक्स नहीं लगता है। यानी निवेशक अपनी जरूरत और बाजार की स्थिति के अनुसार इक्विटी और डेट के बीच बदलाव कर सकता है,

# सेहत के नाम पर ठगे जा रहे उपभोक्ता: FSSAI ने कैसे बेनकाब की कंपनियों की चालाकी, किस-किस पर गिरी गाज?




एफएसएसएआई की सख्त कार्रवाई के बाद छह बड़ी खाद्य कंपनियों ने अपने भ्रामक दावे, गलत ट्रेडमार्क और विवादित उत्पाद वापस ले लिए हैं। खाद्य नियामक ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पैकेजिंग पर गलत जानकारी देकर उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली कंपनियों को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में पैकेज्ड फूड और ड्रिंक्स की गुणवत्ता जांचने के लिए यह देशव्यापी अभियान और तेज किया जाएगा।भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भ्रामक विज्ञापनों और झूठे दावों पर बड़ा प्रहार किया है। खाद्य सामग्री बेचने वाली छह प्रमुख कंपनियों पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा था।

एफएसएसएआई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इस पूरी कार्रवाई की जानकारी साझा की है। नियामक ने कहा कि नोटिस मिलते ही संबंधित खाद्य कारोबारियों ने तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए हैं। कंपनियों ने न केवल विवादित दावों को हटा लिया है, बल्कि वे अपनी पूरी पैकेजिंग को भी बदल रही हैं। उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ रोकने और खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए यह देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

# बाजार में उथल-पुथल: भारत की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का मार्केट कैप एक लाख करोड़ रुपए घटा, जानें वजह



शेयर बाजार में जारी बिकवाली के चलते देश की शीर्ष की कंपनियों पर सीधा असर देखने को मिल रहा है। देश की कुछ शीर्ष की कंपनियों के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ तक की गिरावट देखने को मिली है।भारत की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का मार्केटकैप एक लाख करोड़ रुपए घट गया है। इसकी वजह घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली होना था। बीते हफ्ते सेंसेक्स 489.92 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 और निफ्टी 204.65 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 24,366.00 पर बंद हुआ। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केटकैप इस दौरान 25,891.88 करोड़ रुपए कम होकर 9.86 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एचडीएफसी बैंक का मार्केटकैप 7,165.37 करोड़ रुपए कम होकर 11.21 लाख करोड़ रुपए था। आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू 2,792.65 करोड़ रुपए कम होकर 10.18 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसके अलावा, शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के मार्केटकैप में करीब 55,149.45 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है।

**टीसीएस को सबसे अधिक नुकसान**

शीर्ष 10 में टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इसका मार्केटकैप 34,263.28 करोड़ रुपए कम होकर 8.53 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केटकैप में भी इस दौरान कमी देखने को मिली है, जो कि 31,869.13 करोड़ रुपए घटकर 17.70 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

**एलआईसी सबसे ज्यादा बढ़त वाली कंपनी**

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) सबसे ज्यादा बढ़त वाली कंपनियों में शामिल रही। इसकी मार्केट वैल्यूएशन 26,438.49 करोड़ रुपए बढ़कर 5.23 लाख करोड़ रुपए हो गई। भारती एयरटेल ने भी अच्छी बढ़त दर्ज की। इसकी वैल्यूएशन में 20,592.13 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ और यह 12.43 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

# Gold Silver Price: सोने की सात सत्रों की तेजी टूटी,





राजधानी दिल्ली में सोने की सात सत्रों की तेजी मुनाफावसूली के कारण टूटी। 10 ग्राम सोने का भाव 2,800 रुपये घटकर 1,57,000 रुपये हुआ। चांदी भी 6,000 रुपये गिरी। अमेरिकी मुद्रास्फीति और पीपीआई आंकड़े बाजार को प्रभावित कर रहे हैं।देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सात सत्रों की लगातार तेजी के बाद मुनाफावसूली के कारण यह गिरावट आई। 10 ग्राम सोने का भाव 2,800 रुपये घटकर 1,57,000 रुपये हो गया। बुधवार को यह 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों पर भी बिकवाली का असर दिखा। चांदी 6,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले सत्र में सफेद धातु 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के रिसर्च विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने बताया कि निवेशकों ने मुनाफावसूली की।

**कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण क्या है?**

मीराए एसेट शेयरखान के जिंसों प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजारों में भी स्पॉट गोल्ड गिरा। यह गिरावट मुनाफावसूली के कारण हुई। बहुप्रतीक्षित अमेरिकी जुलाई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति आंकड़े पूर्वानुमान के अनुरूप आया। इसी कारण व्यापारियों ने मुनाफावसूली की। कच्चे तेल की कीमतों में भी स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को लेकर परस्पर विरोधी दावों के बीच गिरावट दर्ज की गई। डॉलर सूचकांक स्थिर बना रहा।

**अब निवेशकों का ध्यान किस पर है?**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि सीपीआई का असर अब बाजार से पीछे है। निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) पर केंद्रित हो गया है। यह मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व की नीतिगत राह पर आगे के संकेत देगा। पीपीआई के आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

**पीपीआई के आंकड़ों का क्या असर होगा?**

गांधी ने बताया कि पीपीआई का कम आंकड़ा फेडरल रिजर्व के लचीले रुख की उम्मीद बढ़ा सकता है। इससे कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ावा मिल सकता है। वहीं, उम्मीद से अधिक परिणाम से जारी मुद्रास्फीति के बारे में चिंताएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है।

# The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट जारी;




भारतीय शेयर बाजार में सोमवार, 17 अगस्त को गिरावट के साथ कारोबार शुरू हुआ। सेंसेक्स 300 से अधिक अंक टूटा, जबकि निफ्टी 24,300 के नीचे आ गया। बजाज फिनसर्व और एचयूएल शीर्ष नुकसान वाले शेयरों में रहे। सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव बाजार पर हावी रहे। निवेशकों की सतर्कता के बीच बाजार में कमजोरी देखी गई।तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 284.85 अंक गिरकर 77,717.05 पर आ गया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 69.25 अंक फिसलकर 24,297.05 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे गिरकर 95.52 पर आ गया।इसके विपरीत, अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक बाजारों का मिश्रित प्रदर्शन भी भारतीय बाजार पर असर डाल रहा है।

सेंसेक्स में शामिल प्रमुख शेयरों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक सबसे बड़े नुकसान में रहे। हालांकि, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयरों में वृद्धि देखी गई। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.43 फीसदी बढ़कर 88.86 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिसिल्वन राधाकृष्णन के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतें मुख्य चिंता का विषय बनी हुई हैं। शुक्रवार को ईरान के खिलाफ अमेरिका की नई चेतावनियों के बाद ब्रेंट क्रूड 88 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है। इससे ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम मजबूती से बना हुआ है। यह स्थिति बाजार की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

## हेमा मालिनी ने देखी 'बंटवारा 1947
### बोलीं- 'सनी देओल की एक्टिंग जबर्दस्त' पोते करण की तारीफ में कही ये बात




Hema Malini Batwara 1947: दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्हें कैसी लगी यह फिल्म? जानिए फिल्म 'बंटवारा 1947' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। भारत और पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी और करण देओल अहम भूमिकाओं में हैं। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने हाल ही में यह फिल्म देखी और अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्हें यह फिल्म पसंद आई है। हेमा मालिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फिल्म की तारीफ की है। साथ ही सनी देओल और शबाना आजमी के अभिनय को जबर्दस्त बताया है। साथ ही पोते करण देओल के अभिनय पर भी पॉजिटिव रेस्पॉन्स दिया है। इस फिल्म को बनाने के लिए ड्रीम गर्ल ने आमिर खान को बधाई दी है। फिल्म का संदेश उन्हें काफी प्रेरित करने वाला लगा।

## निरहुआ के साथ लिंकअप की खबरें और पवन सिंह के साथ घर बसाने के सपने आम्रपाली ने पावर स्टार को दिया शादी का ऑफर




Aamrapali Dubey Proposed Pawan Singh: अभिनेत्री आम्रपाली दुबे बच्चा गोद लेने वाली हैं। रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में उन्होंने इसका जिक्र किया। इस बीच उनके मन में शादी का विचार आया है और उन्होंने इसके लिए पवन सिंह को प्रपोज कर डाला। पवन सिंह, निरहुआ और आम्रपाली दुबे समेत कई भोजपुरी सितारे इन दिनों शो 'भोजपुरी बवाल' में नजर आ रहे हैं। यहां ये सेलेब्स भरपूर मस्ती कर रहे हैं। साथ ही इनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कई दिलचस्प बातें भी दर्शकों के सामने आ रही हैं। आम्रपाली दुबे ने खुलासा किया की वे एक बच्चा गोद लेंगी। अब, वे पवन सिंह को शादी के लिए प्रपोज करती दिखीं। आम्रपाली दुबे भोजपुरी इंडस्ट्री की सुपरस्टार हैं। निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने शादी नहीं की है। दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के साथ कथित लिंकअप की खबरों को लेकर वे अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। दोनों के अफेयर की चर्चाएं भोजपुरी इंडस्ट्री में खूब होती हैं। इस बीच आम्रपाली दुबे हाल ही में पवन सिंह को शादी का प्रस्ताव देती दिखीं। जियो हॉटस्टार के शो 'भोजपुरी बवाल' में आम्रपाली दुबे और पवन सिंह एक बार फिर चर्चा करते नजर आए। इसी बातचीत में आम्रपाली ने कहा, 'मैं सोच रही हूं कि अकेला बच्चा पालना बहुत मुश्किल होगा।

## Batwara 1947 VS Awarapan 2




Batwara 1947 vs Awarapan 2 Collection: इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' सिनेमाघरों में छाई है। इसने सनी देओल की 'बंटवारा 1947' को पीछे छोड़ दिया है। सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बंटवारा 1947' और इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुईं। ओपनिंग डे से ही 'आवारापन 2' कमाई के मामले में आगे दौड़ रही है। वहीं, 'बंटवारा 1947' का जादू कम होता जा रहा है। बीते दिन यानी पहले सोमवार की परीक्षा में किस फिल्म ने कितने कमाए? जानिए

**बंटवारा 1947' ने कितना कलेक्शन किया?**

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'बंटवारा' को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली हैं। दर्शकों ने इसकी कहानी को सराहा है। क्रिटिक्स ने भी मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। मगर, दर्शक बटोरने के मामले में यह कारगर होती नहीं दिख रही।

हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' भी भारतीय सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा रही है। इस फिल्म का कलेक्शन 450 करोड़ से पार हो चुका है।

## दीमक की तरह दिमाग को खा जाएंगे पीएम मोदी के बाद कंगना ने 'दिमागी नक्सल' लोगों पर कसा तंज



Kangana Ranaut Takes Dig at Dimagi Naxals: 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से भाषण देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सशस्त्र नक्सलवाद खत्म हो रहा है लेकिन दिमागी नक्सल सोच रखने वाले लोग अशांति फैलाते हैं। पीएम के इस बयान को लेकर कंगना ने भी ऐसे लोगों पर तंज कसा है। सासंद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर रविवार रात देर एक पोस्ट साझा की। इसमें वह दिमागी नक्सल प्रवृति के लोगों पर निशाना साध रही हैं। आम नागरिकों को सचेत कर रही हैं। जानिए, कंगना ने अपनी पोस्ट में क्या-क्या लिखा है। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कंगना रनौत लिखती हैं, 'अपने आस-पास देखिए, जो लोग लगातार भारत के दुश्मनों को तो इंसान जैसा दिखाते है और देश बनाने या सीमाओं की रक्षा करने वालों को बुरा-भला कहते हैं। वह खुद को फेमिनिस्ट और मॉडर्न बताते हैं, लेकिन बुर्के का बचाव करते हैं और आतंकवादियों को 'मिलिटेंट' कहते हैं।' कंगना आगे लिखती हैं, 'वह इस बात पर जोर देते हैं कि हर किसी को अपनी मर्जी से जीने की आजादी होनी चाहिए, भले ही इसके लिए संस्कृति, सभ्यता या बुनियादी तहजीब से समझौता करना पड़े। जब तक कि वह कोई अपराध न करें। लेकिन जाहिर है, जब आप इंसानों की जानवरों जैसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं और उन्हें बिना किसी रोक-टोक के छोड़ देते हैं, तो सीमाएं लांघी ही जाती हैं। और फिर यही लोग उन अपराधियों के जीने के अधिकार के लिए याचिकाएं दायर करते हैं, ये लोग 'दिमागी नक्सली' हैं।' कंगना दिमागी नक्सली प्रवृति के लोगों को लेकर एक और बात अपनी पोस्ट में कही।

## कुछ सितारे आसमान में चमकते हैं कुछ खाकी पहनकर जमीन पर अमिताभ बच्चन ने की यूपी पुलिस के एंथम की तारीफ



UP Police Anthem Khaki Ka Sitara: उत्तर प्रदेश पुलिस का पहला आधिकारिक एंथम 'खाकी का सितारा' बीते दिनों जारी किया गया। अमिताभ बच्चन को भी यह बेहद पसंद आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे साझा किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस का पहला आधिकारिक गीत 'खाकी का सितारा' जारी हो चुका है। करीब 6.5 मिनट का यह वीडियो उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने एक्स एकाउंट पर शेयर किया। बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने इस पर रिएक्शन दिया है और एंथम की तारीफ की है। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने यूपी पुलिस के एकाउंट पर साझा किए गए एंथम को री-पोस्ट किया है और सलाम किया है। बिग बी ने कैप्शन लिखा है, 'कुछ सितारे आसमान में चमकते हैं... कुछ खाकी पहनकर जमीन पर। खाकी का सितारा

एंथम में अमिताभ बच्चन की आवाज

दिलचस्प बात यह है कि इस एंथम को बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आवाज, पद्मश्री शंकर महादेवन के संगीत और स्वर तथा कवि-गीतकार आलोक श्रीवास्तव के शब्दों ने खास बनाया है। 'खाकी का सितारा' एंथम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 14 अगस्त को लखनऊ के लोक भवन में लॉन्च किया था। जारी वीडियो में उत्तर प्रदेश पुलिस की कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा राहत और जनसेवा से जुड़ी भूमिकाओं को प्रभावशाली ढंग से पेश किया गया है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस के नए एंथम सॉन्ग की तारीफ कर इसे एक अनूठा और सराहनीय प्रयास बताया है। उन्होंने अपनी खास शैली में टिप्पणी करते हुए लिखा, "कुछ सितारे आसमान में चमकते हैं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा तैयार किया गया

## काम करने की कमी महसूस नहीं होती
### बैन लगाने वालों का आतिफ असलम ने किया धन्यवाद




Atif Aslam: पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम की आवाज के भारत में भी लाखों फैंस हैं। हालांकि, साल 2016 के बाद से वह भारत में काम नहीं कर पाए हैं। अब सिंगर ने इस मामले पर खुलकर अपने विचार रखे हैं। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। 2016 उरी आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर रोक लग गई थी। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMPPA) ने भी अपने सदस्यों से पाकिस्तानी कलाकारों और तकनीशियनों को नए प्रोजेक्ट्स में काम न देने का प्रस्ताव पास किया था। इस बैन का असर आतिफ असलम समेत कई पाकिस्तानी कलाकारों पर पड़ा। अब आतिफ ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान भारत में अपने करीब एक दशक लंबे ब्रेक के बारे में खुलकर बात की। भारत में अपनी गैरमौजूदगी के बारे में बात करते हुए आतिफ असलम ने कहा कि उन्हें भारत में बैन हुए करीब 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत सरकार का फैसला था। उन्होंने पाकिस्तान के कलाकारों पर बैन लगाने का फैसला किया। अब पाकिस्तान में भी भारतीय कलाकारों पर बैन है। पिछले 10 साल से मैंने वहां कोई गाना नहीं किया है।' आतिफ असलम ने अपने भारतीय फैंस के लिए भी खास मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात से दुखी होने की जरूरत नहीं है। सिंगर ने कहा, 'मैं हमेशा आपको बताना चाहता था कि मुझे आप लोगों की याद आती है। मुझे वहां काम करने की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन मुझे आप लोगों की याद

## बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विजेता अभिनेत्री अनुमोल ने रचाई शादी सोशल मीडिया पर साझा किए फोटो



Anumol And Bhuvanesh Wedding: रियलिटी शो बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विनर और चर्चित अभिनेत्री अनुमोल ने शादी कर ली है। उन्होंने एक निजी समारोह में तमिल एक्टर भुवनेश राजेंद्रन के साथ विवाह किया है। चर्चित साउथ अभिनेत्री और बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विजेता अनुमोल ने घर बसा लिया है। उन्होंने एक निजी समारोह में तमिल एक्टर भवुनेश के साथ शादी की है। कपल ने गुरुवायुर मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी की है। हालांकि, आयोजन में बहुत ही करीबी लोग और परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

अनुमोल ने शेयर कीं तस्वीरें

अनुमोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। वे गोल्डन कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। भुवनेश भी मैचिंग कलर के पारंपरिक परिधान में नजर आए।

पारंपरिक रीति-रिवाज से की शादी

अनुमोल और भुवनेश की शादी की खबरें और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों ने पारंपरिक परिधानों में पूरी रीति-रिवाज के साथ एक-दूसरे का हाथ थामा। दोनों की शादी को लेकर पिछले कुछ वक्त से अटकलें लग रही थीं। अब खुद कपल ने शादी की तस्वीरों के साथ इस खबर की पुष्टि कर दी है। अनुमोल ने शादी से पूर्व की कुछ और रस्मों की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर की हैं। इनमें हल्दी की रस्म भी शामिल है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, 'एक नई शुरुआत का जश्न'। फैंस उन्हें शादी की मुबारकबाद दे रहे हैं। अनुमोल छोटे पर्दे का चर्चित नाम हैं। वे कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। शादी से ठीक पहले अनुमोल ने सोशल मीडिया पर अपने प्री-वेडिंग शूट और पारंपरिक रस्मों की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए थे, जिन्होंने फैंस के बीच काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब शादी की मुख्य तस्वीरें सामने आने के बाद उनके चाहने वाले और तमाम सेलिब्रिटीज सोशल मीडिया पर उन्हें नए सफर की ढेरों बधाइयां दे रहे हैं। कुछ खास दोस्त ही शामिल हुए। इस दौरान अभिनेता और सांसद सुरेश गोपी भी इस विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे।

# Aaj Ka Rashifal 18 August

## कर्क, सिंह और कुंभ राशि वालों के अटके काम होंगे पूरे, बढ़ेगी सुख समृद्धि




**18 अगस्त 2026** का आज का राशिफल आपके लिए प्रेम, करियर, धन और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। जानिए मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**Today Prediction Horoscope:** 18 अगस्त 2026, मंगलवार को श्रावण शुक्ल षष्ठी तिथि रहेगी, जो शाम करीब 5:50 बजे तक रहेगी और इसके बाद सप्तमी तिथि शुरू होगी। दिल्ली के पंचांग के अनुसार आज चंद्रमा तुला राशि में रहेगा और स्वाति नक्षत्र का प्रभाव बना रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा की यह स्थिति रिश्तों, साझेदारी, संतुलन और आपसी समझ से जुड़े मामलों को महत्वपूर्ण बना सकती है। वहीं मंगलवार का दिन साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला माना जाता है। ऐसे में आज कुछ राशियों को अपने प्रयासों में सफलता मिल सकती है

### मेष

आज का दिन आपके लिए फायदे के नए रास्ते खोल सकता है। आपके फैसले सही साबित होंगे और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन खुश रहेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर देगी, वहीं ससुराल पक्ष से किसी खास व्यक्ति के आने की संभावना है। हालांकि, मां की किसी बात को नजरअंदाज न करें। उनकी नाराजगी आपको थोड़ी परेशानी दे सकती है।

### वृषभ

आज आपकी कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आप काफी खुश नजर आएंगे। घर में अचानक कोई अच्छी खबर या सरप्राइज मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा और अपनों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताएंगे। छोटे बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान दें। किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी न करें, वरना बाद में पछताना पड़ सकता है। भाई-बहनों के साथ आपका रिश्ता और मजबूत होगा।

### मिथुन

आज आपके मन में कुछ नया शुरू करने की इच्छा जोर पकड़ सकती है। आप अपने लक्ष्य को लेकर गंभीर रहेंगे और आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करेंगे। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का सम्मान और समझ आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। पुराने अटके हुए कामों को पूरा करने में सफलता मिल सकती है। विरोधियों की बातों में आकर कोई फैसला न लें। साथ ही, उधार लेने से बचें, क्योंकि बाद में उसे चुकाना मुश्किल हो सकता है।

### कर्क

आज आपको राहत के साथ प्रगति के भी अच्छे संकेत मिलेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले आपके पक्ष में आ सकते हैं और आपकी कला या किसी विशेष हुनर में निखार देखने को मिलेगा। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा, लेकिन किसी करीबी व्यक्ति से धोखा मिलने की आशंका के चलते थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है। पिता का सहयोग किसी बड़ी उलझन को सुलझाने में आपकी मदद कर सकता है।

### सिंह

आज सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और इसका सकारात्मक असर आपके मन पर पड़ेगा। राजनीति, प्रशासन या नेतृत्व से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा रह सकता है। जीवनसाथी के साथ किसी छोटी बात पर नोकझोंक हो सकती है, इसलिए बात को बढ़ाने के बजाय समझदारी से संभालें। जोखिम भरे कामों से दूरी रखना बेहतर रहेगा। कानूनी मामलों में राहत या कोई सकारात्मक खबर मिल सकती है।

### कन्या

आज का दिन परिवार के साथ खुशियां और सुकून लेकर आएगा। अपनों का पूरा सहयोग मिलेगा, हालांकि संतान की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। पढ़ाई और किसी नए कौशल को सीखने में प्रगति होगी। लंबे समय से अटका पैसा वापस मिलने की संभावना है। घर में मरम्मत, सजावट या किसी नए बदलाव की शुरुआत भी हो सकती है, जिससे घर का माहौल और बेहतर होगा।

### तुला

आज कारोबार से जुड़े कुछ मामलों में उलझनें बनी रह सकती हैं, लेकिन परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन हल्का और प्रसन्न रहेगा। बच्चों के साथ घूमने-फिरने का मौका मिलेगा। जो लोग सिंगल हैं, उनके जीवन में किसी खास व्यक्ति की एंट्री हो सकती है। आपकी लगातार की गई मेहनत अब रंग लाएगी और आपको अपने प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलने की उम्मीद है।

### वृश्चिक

आज कमाई बढ़ाने के नए रास्ते सामने आ सकते हैं और आपके कई काम आसानी से पूरे होंगे। सुख-सुविधाओं में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में लंबे समय से चली आ रही कोई परेशानी दूर हो सकती है और रिश्ते में फिर से मिठास आएगी। हालांकि, अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और गुस्से में कोई बात न कहें। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते समय भी सावधानी बरतें।

### धनु

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। परिवार का सहयोग और माता-पिता का आशीर्वाद आपके कई रुके हुए काम पूरे कराने में मदद करेगा। भाई-बहनों की सलाह किसी महत्वपूर्ण मामले में आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से मन में संतोष रहेगा। हालांकि, अगर यात्रा जरूरी न हो तो उसे कुछ समय के लिए टालना बेहतर रहेगा।

### मकर

आज अधूरे कामों को पूरा करने पर ध्यान देने का दिन है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के सामने नए अवसर आ सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मां की भावनाओं और उनकी बातों का सम्मान करें। साथ ही, आसपास के लोगों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। आज आपके भीतर कुछ नया और अलग करने की इच्छा रहेगी और आप अपने लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं।

### कुंभ

आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाने का दिन है और आप अपनी सूझबूझ से हर काम संभाल लेंगे। सुख-समृद्धि में वृद्धि के संकेत हैं और लंबे समय से देखा जा रहा नया वाहन खरीदने का सपना भी पूरा हो सकता है। कारोबार में अटकी हुई कोई महत्वपूर्ण डील आखिरकार फाइनल हो सकती है। हालांकि, मां की सेहत को लेकर लापरवाही न करें और जरूरत पड़ने पर तुरंत ध्यान दें।

### मीन

आज मन में शांति और संतोष बना रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ खूबसूरत और रोमांटिक पल बिताने का मौका मिलेगा। परिवार में किसी छोटी बात को लेकर बहस हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेकर माहौल बिगड़ने से बचाया जा सकता है। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मन को खुश कर सकती है। विद्यार्थियों के लिए मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के संकेत हैं।

# Aaj Ka Love Rashifal

## तुला और मकर राशि वालों की लव लाइफ होगी शानदार, रिश्ते में बढ़ेगा विश्वास





**Love Rashifal Today:** 18 अगस्त 2026 का लव राशिफल प्रेम और रिश्तों के लिहाज से खास संकेत लेकर आया है। जानिए आज मेष से मीन तक सभी राशियों की लव लाइफ कैसी रहेगी, पार्टनर के साथ प्यार बढ़ेगा या किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है।

चंद्र राशि की गणना के आधार पर आज का लव राशिफल प्रेम और वैवाहिक जीवन से जुड़े कई संकेत देता है। चंद्रमा की स्थिति से प्रेमी-प्रेमिका के बीच बातचीत, आपसी तालमेल और रिश्ते में बढ़ती नजदीकियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं शादीशुदा जातकों के लिए जीवनसाथी का सहयोग, प्रेम और किसी संभावित मतभेद के संकेत भी मिलते हैं। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए आज प्रेम के मामले में दिन कैसा रहेगा।

# Aaj Ka Ank Jyotish

## मूलांक 1 और 6 वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, धन लाभ के योग




Numerology Prediction Today: 18 अगस्त 2026 का अंक ज्योतिष आपके लिए करियर, धन, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़े खास संकेत लेकर आया है। जानिए जन्मतिथि के आधार पर आज मूलांक 1 से 9 तक का दिन कैसा रहेगा और आपका शुभ अंक क्या है।

Dainik Ank Jyotishfal: अंक ज्योतिष में जन्मतिथि से प्राप्त मूलांक के आधार पर व्यक्ति के स्वभाव, सोच और जीवन से जुड़े कई पहलुओं का आकलन किया जाता है। मूलांक 1 से 9 तक होते हैं और प्रत्येक अंक का संबंध किसी न किसी ग्रह से माना जाता है। इसी के आधार पर दैनिक अंक ज्योतिष में करियर, कारोबार, धन, प्रेम, परिवार और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े शुभ संकेत बताए जाते हैं। मूलांक जानने के लिए जन्म तारीख के अंकों को जोड़कर उसे एक अंक में बदला जाता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी व्यक्ति का जन्म 23 तारीख को हुआ है तो 2+3=5 होगा, इसलिए उसका मूलांक 5 माना जाएगा। वहीं पूरी जन्मतिथि के अंकों का योग भाग्यांक कहलाता है। आइए जानते हैं आज आपके मूलांक के लिए दिन कैसा रहेगा, किन अवसरों का लाभ मिल सकता है, किन मामलों में सावधानी बरतनी होगी और आपका शुभ अंक व लकी कलर क्या रहेगा।

अंक 1

आज निवेश से जुड़े मामलों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यार्थियों को परीक्षा के परिणाम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। नए अवसर सामने आएं तो उनका लाभ उठाने की कोशिश करें। रिश्तों में भी आपसी समझ और मजबूती बढ़ेगी।

अंक 2

नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए आज नए रास्ते खुल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सकारात्मक माहौल बना रहेगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के संकेत हैं। कोर्ट-कचहरी से जुड़े किसी पुराने मामले में राहत मिलने की उम्मीद है।

अंक 3

आज जमीन-जायदाद से जुड़े विवाद आपको मानसिक रूप से परेशान कर सकते हैं। व्यापार में कोई अप्रत्याशित परेशानी आ सकती है, इसलिए सावधानी से काम करें। हालांकि, कोई पुराना अटका कार्य पूरा होने से राहत मिलेगी। निवेश के लिए फिलहाल थोड़ा इंतजार करना बेहतर होगा। परिवार के किसी सदस्य को घर से दूर नौकरी का अवसर मिल सकता है।

अंक 4

विद्यार्थियों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा रहने वाला है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। भावनाओं में बहकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। संगीत और मार्केटिंग से जुड़े लोगों की आय में बढ़ोतरी हो सकती है। धार्मिक यात्रा की योजना भी बन सकती है।

# Budh Ast 2026

## 18 अगस्त से शुरू होगा बुध अस्त, किन 4 राशियों को फायदा, कुछ को रहना होगा सतर्क




Budh Ast August 2026: 18 अगस्त को बुध ग्रह सिंह राशि में अस्त होने जा रहे हैं। बुध के अस्त होने का असर बुद्धि, वाणी, व्यापार और आर्थिक फैसलों पर पड़ सकता है। ऐसे में कुछ राशियों को लाभ मिल सकता है, जबकि कुछ लोगों को इस दौरान सावधानी बरतने की जरूरत होगी।

Budh Ast 2026: वैदिक ज्योतिष में बुध ग्रह को बुद्धि, वाणी, संवाद, शिक्षा, व्यापार, लेखन और तकनीक का कारक माना जाता है। 18 अगस्त 2026 को बुध सिंह राशि में सूर्य के करीब आने के कारण अस्त होंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, बुध के अस्त होने पर इन क्षेत्रों से जुड़े कामों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। इस अवधि में बातचीत के दौरान गलतफहमी, काम में देरी, व्यापारिक निर्णयों में उलझन और आर्थिक योजनाओं में रुकावट जैसी स्थितियां बन सकती हैं। विद्यार्थियों, कारोबारियों, लेखन और अकाउंटिंग से जुड़े लोगों को अपने काम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने या बड़ा आर्थिक फैसला लेने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच करना बेहतर रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार कुछ राशि के जातकों को इस दौरान अधिक सावधानी बरतनी पड़ सकती है, कुछ को सही रणनीति के साथ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

मेष राशि

बुध आपके पंचम भाव में अस्त होंगे, जो शिक्षा, प्रेम, रचनात्मकता और संतान से संबंधित माना जाता है। छात्रों को पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने के लिए सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेम संबंधों में बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी बात भी गलतफहमी का कारण बन सकती है।

# IND vs SL Live Score

## 53 पर श्रीलंका को तीसरा झटका मानव सुथार ने चांदीमल के बाद उदारा को भेजा पवेलियन




India vs Sri Lanka 1st Test Day-3 Live Updates: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच गॉल में जारी टेस्ट का आज तीसरा दिन है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पिछले दो दिन बारिश ने काफी खेल बर्बाद किया है। आज भी स्थानीय मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई है। भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए।

**IND vs SL Live: श्रीलंका को तीसरा झटका**

श्रीलंका को 53 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। पारी के 14वें ओवर में मानव सुथार ने लाहिरू उदारा को यशस्वी के हाथों कैच कराया। वह 44 गेंद में 27 रन बना सके। फिलहाल कामिंदु मेंडिस और कप्तान धनंजय डिसिल्वा क्रीज पर हैं। भारत ने धीरे धीरे मैच पर पकड़ बनाना शुरू कर दिया है। दो दिन बारिश से प्रभावित रहने के बावजूद भारतीय गेंदबाज टीम को मैच में पकड़ बनाने में मदद कर रहे हैं। फॉलोऑन बचाने के लिए श्रीलंका को 263 रन बनाने हैं। ये मानव का दूसरा विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने दिनेश चांदीमल को आउट किया था।

**IND vs SL Live: श्रीलंका को दूसरा झटका**

श्रीलंका को पारी के आठवें ओवर में 27 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली बार गेंदबाजी में बदलाव किया और स्पिनर मानव सुथार को लेकर आए। सुथार ने अपनी पहली ही गेंद पर अनुभवी दिनेश चांदीमल को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। चांदीमल चार रन ही बना सके। फिलहाल लाहिरू उदारा और कामिंदु मेंडिस क्रीज पर हैं। श्रीलंकाई पारी की शुरुआत हुई तो लाहिरू उदारा और निशान फर्नांडो बल्लेबाजी के लिए आए। हालांकि, पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका को झटका दिया। सिराज ने निशान को पडिक्कल के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल सके। फिलहाल दिनेश चांदीमल और उदारा क्रीज पर हैं। तीसरे दिन पहले ही ओवर में असिथा फर्नांडो ने प्रसिद्ध कृष्णा को आउट कर दिया। इस तरह से भारत की पहली पारी 462 रन पर समाप्त हुई। प्रसिद्ध दो रन बना सके।

# गॉल टेस्ट पर बारिश का साया

## भारत की WTC फाइनल की उम्मीदों पर भी मंडराया खतरा? 462 बनाने के बाद भी ड्रॉ का डर



भारत और श्रीलंका के बीच गॉल टेस्ट में बारिश लगातार खेल का मजा किरकिरा कर रही है। भारत ने 462 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है, लेकिन पिछले दो दिनों में काफी समय बारिश की भेंट चढ़ चुका है। अब मौसम के पूर्वानुमान ने भारत की जीत और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को चिंता में डाल दिया है। गॉल में भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने बल्ले से अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है, लेकिन अब बारिश भारत की सबसे बड़ी चिंता बन गई है। भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए, मगर मैच में अब तक जितना समय बारिश के कारण खराब हुआ है, उसे देखते हुए मुकाबले का नतीजा निकलना मुश्किल होता जा रहा है। भारत ने तीसरे दिन नौ विकेट पर 460 रन से आगे खेलना शुरू किया और दो रन बनाने में आखिरी विकेट गंवा दिया। इससे पहले दो दिन बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन स्थिति और खराब रही और खेल दोपहर 2:35 बजे शुरू हो सका। दिन में केवल 43 ओवर का खेल संभव हुआ। भारत ने अपने पहले दिन के 288/2 के स्कोर में 172 रन जोड़े, लेकिन इस दौरान उसके सात विकेट भी गिर गए।

**पडिक्कल का शानदार शतक, 167 रन पर थमी पारी**

भारत की पहली पारी की सबसे बड़ी कहानी देवदत्त पडिक्कल की 167 रन की शानदार पारी रही। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा केएल राहुल ने 82 रन बनाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 51 रन की उपयोगी पारी खेली। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी योगदान दिया, जिससे भारत 450 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। श्रीलंका के स्पिनरों ने दूसरे दिन वापसी की कोशिश जरूर की। प्रभात जयसूर्या ने चार विकेट लिए, जबकि डेब्यू कर रहे केशारा नुवांथा ने तीन विकेट अपने नाम किए। नुवांथा ने नई गेंद के साथ ऋषभ पंत और केएल राहुल को लगातार झटके देकर भारत की रफ्तार पर ब्रेक लगाने की कोशिश की। इसके बावजूद भारत ने दूसरे दिन का अंत 460/9 के मजबूत स्कोर के साथ किया। पिच के समय के साथ और टूटने की संभावना है। ऐसे में भारतीय स्पिनरों को श्रीलंकाई बल्लेबाजों के खिलाफ फायदा मिल सकता है।

# ODI World Cup 2027

## वनडे विश्वकप को लेकर हरभजन की कोच गंभीर को खास सलाह

### 4-5 महीने पहले ही ऐसा कर लेने को कहा



वनडे विश्व कप 2027 में अब करीब एक साल का वक्त है, लेकिन टीम इंडिया को लेकर मंथन अभी से तेज है। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कोच गौतम गंभीर को खास सलाह देते हुए टीम को विश्व कप से चार-पांच महीने पहले तक तय करने की बात कही है। सवाल है कि गंभीर कब तक प्रयोग जारी रखेंगे? वनडे विश्वकप 2027 को आने में अभी लगभग एक साल का वक्त बचा है। हालांकि, सभी टीमें इसकी तैयारियों में जुट गई हैं। कुछ टीमें लगातार प्रयोग कर रही हैं, वहीं कुछ टीमों की नजर अपने कोर खिलाड़ियों को लगातार मौका देने पर है। इसी कड़ी में भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि गंभीर को अभी जितने प्रयोग करने हैं कर लें, लेकिन विश्वकप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले टीम तय करना होगा और उन्हें पता होना चाहिए कि कौन से 15 खिलाड़ी विश्वकप खेलने जा रहे हैं।

**भज्जी ने गंभीर को क्या दी सलाह?**

न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में हरभजन ने कहा, 'भारतीय टीम में कई विकल्प हैं और उनमें से किसी एक को चुनना बेहद मुश्किल है। लेकिन गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्हें उन वेन्यू और कंडीशन का पता करना होगा, जिनमें भारत 2027 वनडे विश्वकप खेलने जा रहा है। गंभीर को फिर उसी के मुताबिक टीम बनानी होगी। एक साल का समय पर्याप्त समय है। मेरा मानना है कि विश्व कप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले तक टीम तय हो जानी चाहिए। उन्हें कई चीजों को ध्यान में रखना होगा और अभी से प्रयोग करने होंगे, ताकि उन खिलाड़ियों की पहचान की जा सके जो टूर्नामेंट के दौरान भारत के लिए अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा सकें।'

**टीम में कई विकल्प होना अच्छा सिरदर्द'**

हरभजन ने कहा, 'भारत के पास कई विकल्प हैं। जब आपके पास कई विकल्प होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द है।

# हरभजन ने समझाया कोहली और धोनी की कप्तानी में अंतर

## गंभीर पर कहा- वह दिल के अच्छे लोगों को सच पसंद नहीं




पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी के बीच अंतर बताते हुए कहा कि कोहली ने टीम की सोच बदल दी। उन्होंने फिटनेस और फील्डिंग में कोहली के योगदान को भी अहम बताया। वहीं, गौतम गंभीर का बचाव करते हुए हरभजन ने कहा कि वह दिल के अच्छे हैं और सच बोलते हैं। भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली और एमएस धोनी की कप्तानी के अंदाज में क्या फर्क था और मौजूदा कोच गौतम गंभीर को लेकर लोगों की राय क्यों अलग है? पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने दोनों मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कोहली की कप्तानी की सबसे बड़ी खासियत बताते हुए गंभीर का भी बचाव किया और कहा कि वह दिल के अच्छे इंसान हैं, लेकिन लोगों को उनका सच बोलना पसंद नहीं आता। हरभजन ने 2010-11 के ऑस्ट्रेलिया दौरे का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय कोहली ने रन बनाने के साथ-साथ टीम की सोच पर भी असर डालना शुरू कर दिया था। उनके मुताबिक, धोनी की कप्तानी में जहां कई बार मुश्किल लक्ष्य को हासिल करना लगभग असंभव माना जाता था, वहीं कोहली का रवैया था कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, उसे हासिल करने की कोशिश जरूर की जानी चाहिए। हरभजन ने कहा, 'विराट ने जो सबसे सरल बदलाव किया, वह मानसिकता का था। टेस्ट के पांचवें दिन कई बार ऐसी स्थिति आती थी जब हमें लगता था

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

## AFG vs IRE ODI: दो शतक 231 रन की साझेदारी और बना ऐतिहासिक स्कोर आयरिश गेंदबाजों पर हावी हुए अफगानी बल्लेबाज




सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 343/9 का स्कोर बनाया। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि अटल-जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 343 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 339 रन था, जो उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

अटल-जादरान ने संभाली पारीटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल ने पारी को संभालते हुए आयरिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 220 गेंदों में 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की ओर से दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

**आखिरी ओवरों में लड़खड़ाई अफगानिस्तान की टीम**

अटल और जादरान के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की पारी थोड़ी धीमी पड़ गई। दरविश रसूली ने 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई 12 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रहमत शाह सिर्फ 2 रन बना सके। राशिद खान ने 10 गेंदों में 11 रन बनाए, जबकि हशमतुल्लाह शाहिदी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर खाता नहीं खोल सके। अफगानिस्तान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट गंवाए, जिसके कारण टीम 350 रन का आंकड़ा पार करने से चूक गई। आयरलैंड की ओर से बायरन मैकडोनो ने तीन विकेट लिए, जबकि मार्क रिचर्ड एडायर और गेविन होए को दो-दो सफलता मिली। 339 रन का रिकॉर्ड टूटा

अफगानिस्तान के 343 रन के साथ ही टीम ने अपना पिछला वनडे रिकॉर्ड तोड़ दिया। उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाए 339/6 के स्कोर को पीछे छोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में अपना नया सर्वोच्च स्कोर बनाया। अटल और जादरान की शतकीय पारियों ने इस ऐतिहासिक स्कोर की नींव रखी। इब्राहिम जादरान ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंदों में 107 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं, सेदिकुल्लाह अटल ने इससे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 120 गेंदों में 143 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और चार छक्के लगाए। अटल और जादरान की यह साझेदारी 50 ओवर के प्रारूप में अफगानिस्तान की किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा, यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में केवल चौथा मौका जब एक ही मैच में टीम के दो बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं।

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से
छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के
पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़
होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















